British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner

अपने मूल को पहचानना: समुदाय में बढ़ना

वार्षिक रिपोर्ट 2021/22 और सेवा योजना 2022/23–2024/25 कार्यकारी सारांश

2021/22 में, बीसी के मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय (BCOHRC) ने विकास पर—हमारे संगठन विकासकरने, हमारे प्रभाव को गहरा करने, और पूरे प्रांत में जड़ें जमाने पर ध्यान केंद्रित किया। असमानता, भेदभाव और अन्याय से मुक्त प्रांत के हमारे दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए आवश्यक गहन व्यवहार और क्रमबद्ध परिवर्तन की दिशा में काम करते हुए हम मानवाधिकार कानूनों, नीतियों और प्रथाओं में सार्थक प्रगति प्राप्त करने में सक्षम रहे हैं। 2021/22 में हमने जो कुछ किया है, उसकी एक झलक यहां दी गई है:

रणनीतिक प्राथमिकता के मुख्य बिन्दु

2021/22 BCOHRC की पंचवर्षीय रणनीतिक योजना 2020/21–2024/25 के तीसरे वर्ष को चिह्नित करता है, जो बी.सी. की मानवाधिकार संहिता के तहत भेदभाव, उपनिवेशवाद, घृणा, और श्वेत वर्चस्व के उत्थान, अन्याय और असमानता के कारण और प्रभाव के रूप में गरीबी और राज्य द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों के लिए मानवाधिकार संरक्षण के हमारे रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रभाव डालने के लिए काम कर रहा है। इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में हमारे काम की मुख्य बातों में शामिल हैं:

बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* के तहत भेदभाव

BCOHRC मौजूद होने का एक प्रमुख कारण यह सुनिश्चित करना है कि बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* द्वारा सुनिश्चित किए गए अधिकार सुरक्षित और सम्मानित हैं। 2021/22 में हमने जनता के 20,000 से अधिक सदस्यों को प्रत्यक्ष सूचना और संदर्भ प्रदान किया जो फोन या ईमेल के माध्यम से BCOHRC से संपर्क करते हैं; यह 2020/21 से 10 गुना वृद्धि है। हमने 45 विशेष कार्यक्रम अनुप्रयोगों को प्रबंधित किया (पृष्ठ 14 देखें), 450 से अधिक लोगों को कोड कार्यशालाओं की एक नई श्रृंखला वितरित की (पृष्ठ 55 देखें) और बी.सी. के इतिहास में पुलिस व्यवस्था और गिरफ्तारी आंकड़ों का सबसे व्यापक विश्लेषण इकट्ठा किया (पृष्ठ 17 देखें)।

राजनीतिक स्वतंत्रता (Decolonization)

हमारा कार्यालय नेशंज़ के आत्मनिर्णय का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, और जीवन के सभी पहलुओं में मूल निवासियों की पूर्ण, समान और न्यायपूर्ण भागीदारी में बाधा डालने वाली संरचनाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है। 2021/22 में हमने बी.सी. की मानवाधिकार प्रणाली में एक महत्वपूर्ण सुधार का जश्न मनाया जब बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* में इंडिजिनस पहचान को संरक्षित आधार के रूप में जोड़ा गया (पृष्ठ 26 देखें). । हमें 15 इंडिजिनस नेशंज़ और कई अन्य प्रतिनिधि संगठनों के साथ संबंधों को गहरा करने का अवसर मिला। हमने अपने 'एल्डर्स गैदरिंग' के माध्यम से महामारी के दौरान घृणा के बारे में अपनी जांच में इंडिजिनस अगुवाओं की बातों को सीधे सुना और फर्स्ट नेशंज़ शिक्षा संचालन समिति (पृष्ठ 53 देखें) में इंडिजिनस विरोधी नस्लवाद के बारे में 200 से अधिक उपस्थित लोगों के साथ बात की।

घृणा और श्वेत वर्चस्व का उत्थान

महामारी के दौरान घृणा की घटनाओं में वृद्धि के साथ, हमारे समुदायों में घृणा को मिटाने का हमारा काम इससे पहले कभी इतना जरूरी नहीं लगा। 2021/22 में हमने महामारी में घृणा की जांच शुरू की–जो दुनिया में अपनी तरह की एकमात्र स्वतंत्र जांच थी–जिसमें हमारे समुदायों में घृणा के अनुभवों और समाधानों की जांच करना शामिल था (पृष्ठ 32 देखें) । हमने एक महत्वपूर्ण घृणापूर्ण भाषा प्रश्नोत्तर संसाधन भी तैयार कर प्रस्तुत किया (पृष्ठ 56 देखें) और प्रांत के व्यापक नेवर एक्सेप्ट हेट कैम्पेन (पृष्ठ 28 देखें) को शुरू करने के लिए बीसी एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स के साथ भागीदारी की।

असमानता और अन्याय के कारण और प्रभाव के रूप में गरीबी

BCOHRC आर्थिक अधिकारों के लिए प्रभावी और सार्थक घरेलू सुरक्षा की दिशा में काम करने, गरीबी को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में शामिल करने और गरीबी में रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2021/22 में, हमने बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* में एक संरक्षित आधार के रूप में सामाजिक स्थिति को शामिल करने के लिए अपने प्रयास जारी रखे (पृष्ठ 34 देखें), महिलाओं के रोजगार अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण नतीजों के साथ पारिवारिक स्थिति भेदभाव के बारे में एक महत्वपूर्ण मामले पर बी.सी. के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हस्तक्षेप किया और संपूर्ण बी.सी. में श्रमिकों के लिए बीमार होने की स्थिति में 10 दिनों के लिए भुगतानशुदा छुट्टी को आरक्षित करने के लिए बने गठबंधन में शामिल हुए (पृष्ठ 34 देखें)।

सरकार द्वारा हिरासत में लिए लोगों के लिए मानवाधिकार सुरक्षा

BCOHRC का मानना है कि अगर हमें पुलिस द्वारा, सुधार केंद्रों में, सामुदायिक पर्यवेक्षण के तहत या मानसिक स्वास्थ्य प्रणालियों में हिरासत में लिया जाता है, तो हम सभी को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने, शक्ति के दुरुपयोग और अनुचित व्यवहार से मुक्त होने का अधिकार है। 2021/22 में, BCOHRC ने नशीले पदार्थों का उपयोग करने वालों की देखभाल के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और आघात

सूचित दृष्टिकोण के लिए जोर दिया (पृष्ठ 40 देखें), बी.सी. के सुधार केन्द्रों में नजरबंदी की शर्तों में सुधार की वकालत की और बी.सी. की जेलों में प्रवासियों के हिरासत को खत्म करने की दिशा में काम किया (पृष्ठ 45 देखें)।

एक मजबूत और टिकाऊ संगठन का निर्माण

2019 में ही स्थापित एक कार्यालय के रूप में, हमारी छठी प्राथमिकता एक स्वस्थ और विविध कार्यस्थल का निर्माण करना और उसे बनाए रखना है। 2021/22 में, हमने 25 लोगों की सेवाएं लीं (पृष्ठ 46 देखें), एक आंतरिक शैक्षिक कार्यक्रम विकसित किया, सभी कर्मचारियों को इंडिजिनस सांस्कृतिक सुरक्षा प्रशिक्षण दिया और संगठन के लिए हमारे द्वारा उपयोग और खरीदी जाने वाली वस्तुओं के मानवाधिकार संबंधी असर को समझने के लिए स्थाई खरीद व्यवस्थाओं पर साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर काम किया।

हमारे 2021/22 प्रभाव की मुख्य विशेषताएं

संपूर्ण बी.सी. में मानवाधिकारों के लिए हमारे काम के प्रभावों और इसके परिणामों को मापने के लिए, BCOHRC ने निम्न पांच अवधारणाओं पर केंद्रित एक मूल्यांकन और प्रभाव ढांचा विकसित किया है:

- सम्मानजनक और जवाबदेह संबंध बनाना
- सुलभ और प्रासंगिक सार्वजनिक शिक्षा सामग्री बनाना
- मानवाधिकारों के सर्वांगीण मुद्दों में सुधार के तरीकों पर निर्णयकर्ताओं को सिफारिशें प्रदान करना
- केस कानून को प्रभावित करने के लिए कानूनी तर्क विकसित करना
- मानवाधिकार आधारित नीतियों, प्रथाओं और संस्कृति का निर्माण

नीचे दिए गए प्रत्येक अनुभाग में आप कुछ प्रमुख कार्यों की मुख्य विशेषताओं को देख सकते हैं जो 2021/22 के लिए हमारे प्रभाव मूल्यांकन को सूचित करती हैं।

सम्मानजनक और जवाबदेह संबंधों का निर्माण करना

विश्वास स्थापित करने के लिए हमें जवाबदेही दिखानी ही होगी। 2021/22 में, BCOHRC ने 20,000 से अधिक लोगों को सूचना और संदर्भ प्रदान किया, 'नो रॉन्ग डोर' परियोजना के माध्यम से बी.सी. की मानवाधिकार प्रणाली तक पहुंच में सुधार के लिए अपना काम जारी रखा (पृष्ठ 50 देखें), और संपूर्ण प्रांत में महत्वपूर्ण सामुदायिक और इंडिजिनस जुड़ाव का कार्य किया (पृष्ठ 53 देखें)।

सुलभ और प्रासंगिक सार्वजनिक शिक्षा सामग्री का निर्माण करना

सत्रह वर्ष से भी अधिक समय से, बी.सी. में मानवाधिकार आयोग की अनुपस्थिति का मतलब है कि बी.सी. *मानवाधिकार संहिता* के बारे में मौलिक सार्वजनिक शिक्षा की एक महत्वपूर्ण और अपूर्ण आवश्यकता थी। 2021/22 में, BCOHRC ने कोविड-19 अधिकारों और जिम्मेदारियों पर नीतिगत मार्गदर्शन के लिए प्रणालीगत नस्लवाद पर एक सूत्रधार मार्गदर्शिका के रूप में विविध विषयों पर 16 नए शैक्षिक संसाधन प्रस्तुत किए।

हमारे 'इंट्रो टू ह्यूमन राइट्स' वीडियो को अब 21,000 से अधिक बार देखा जा चुका है, और हमारी नई संहिता कार्यशाला में अब तक 450 से अधिक लोगों ने भाग लिया है (पृष्ठ 55 देखें)। हमारी 'आई लव माई ह्यूमन राइट्स' वीडियो श्रृंखला ने **ब्रैंडन यान**, **डैनी रमादान** और **एंथनी ब्राउन** की दिल को छू जाने वाली कहानियों को प्रस्तुत करके आम ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों की असाधारण मानवाधिकार कहानियों को प्रस्तुत करना जारी रखा (पृष्ठ 57 देखें)।

मानवाधिकारों के क्रमबद्ध मुद्दों में सुधार पर सिफारिशें देना

विधायिका के स्वतंत्र अधिकारी के तौर पर, बी.सी. के मानवाधिकार आयुक्त निर्वाचित अधिकारियों और सरकारी प्रमुखों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में नियोक्ताओं, संपत्ति मालिकों और सेवा प्रदाताओं को मार्गदर्शन और सिफारिशें प्रदान करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह व्यवस्थाएं अधिकारहीन समुदायों को होने वाले नुकसानों और भेदभाव को समाप्त कर सकें। 2020 से, BCOHRC आंकड़ों को अलग-अलग एकत्र करने के लिए कानून बनाने के लिए बी.सी. प्रांत से आग्रह कर रहा है। 2022 में, इस लक्ष्य को *नस्लवाद विरोधी आंकड़ा अधिनियम* (पृष्ठ 61 देखें) के पारित होने के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया था। कोविड-19 महामारी के जवाब में मानवाधिकार मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों को समर्पित करना जारी रखा गया, जिसमें टीकाकरण आवश्यकताओं के प्रमाण के बारे में संसाधन तैयार करना और बी.सी. में मास्क पहनने के जनादेश को समाप्त करना शामिल है (पृष्ठ 63 देखें)।

केस कानून को प्रभावित करने के लिए कानूनी तर्क तैयार करना

BCOHRC का उद्देश्य बी.सी. में मानवाधिकार कानूनों और व्यवस्थाओं में सुधार करना है, ताकि सरकारी कानूनी जांच के लिए हमारी विधायी शक्तियों का प्रयोग किया जा सके और उन अदालती मामलों में हस्तक्षेप किया जा सके जो बी.सी. में मानवाधिकारों पर क्रमबद्ध प्रभाव डाल सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि कार्यालय क्रमबद्ध भेदभाव और कानूनी सिद्धांतों से संबंधित मुद्दों को समझने के लिए मामले की सुनवाई कर रही अदालत या न्यायाधिकरण की सहायता के लिए सुनवाई में भाग ले सकता है जो अन्यथा शिकायतकर्ता या प्रतिवादी पक्षों द्वारा नहीं उठाए जा सकते हैं। 2021/22 में, BCOHRC ने दो अदालती मामलों में हस्तक्षेप किया: *जिब्राल्टर माइन्स बनाम हार्वी और नियुफेल्ड बनाम चिलीवैक टीचर्स एसोसिएशन की ओर से ब्रिटिश कोलंबिया टीचर्स फेडरेशन (बीसीटीएफ)* (पृष्ठ 64 देखें).

मानवाधिकार आधारित नीतियों, कार्यप्रणालियां और संस्कृति का निर्माण करना

हम अपने सभी कार्यों में, अपनी नीतियों (जो हम कहते हैं), कार्य प्रणालियों (जो हम करते हैं) और संस्कृति (हम कौन हैं) में मानवाधिकार मूल्यों और मार्गदर्शक सिद्धांतों को शामिल करने का प्रयास करते हैं। 2021/22 में, हमने एक लचीली कार्य नीति और एक विशेष परामर्श नीति (पृष्ठ 67 देखें) को तैयार कर मानवाधिकार सिद्धांतों को अपने संगठन की नीतियों में एकीकृत करने का काम किया। इस संपूर्ण ज्ञान को अपनी रणनीतिक योजना प्रक्रिया में शामिल करते हुए, हमने अपने कार्यस्थल परिवेश सर्वेक्षण के माध्यम से

नेतृत्व की जवाबदेही, संगठनात्मक विकास और कर्मचारी जुड़ाव को अपना समर्थन करने का भी प्रयास किया।

भविष्य की योजनाएं: 2022/23–2024/25 सेवा योजना

हमारी सेवा योजना (2022/23–2024/25) का विकास हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं और मूल्यांकन तथा प्रभाव ढांचे से हो रहा है। यह उद्देश्यों, प्रमुख उपलब्धि संकेतकों और उन गतिविधियों के एक नमूने की रूपरेखा तैयार करता है जिन्हें हम कार्यालय के जनादेश को पूरा करने और भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आधार रेखा स्थापित करने के लिए तीन साल की अवधि में करने की कल्पना करते हैं।

सेवा योजना अवधि के दौरान हमारी कुछ गतिविधियों में संपूर्ण प्रांत में बारह समुदायों में अपनी बुनियादी परियोजना को शुरू करना, विकलांग लोगों के अधिकारों पर केंद्रित प्रांतव्यापी जन जागरूकता अभियान करना, रोजगार समानता के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के बारे में नियोक्ताओं के लिए संसाधनों का टूलकिट तैयार करना, और सभी लोगों के लिए हमारे काम तक पहुंच में सुधार करने के लिए हमारी वर्तमान सामग्रियों का पहुंच संबंधी लेखा-जोखा करना शामिल है। हमारे भविष्य के कार्यों में **महामारी में घृणा की जांच से प्राप्त सिफारिशों को प्रस्तुत करना**, पुलिस अधिनियम में सुधार पर गठित विशेष समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए निगरानी द्वारा **पुलिस व्यवस्था में मानवाधिकारों** पर निरंतर काम करने सहित बहुत कुछ शामिल है (पृष्ठ 69 देखें).

बजट और व्यय 2021/22

2021/22 में BCOHRC ने अपने 6.815 मिलियन डॉलर के संचालन बजट में से 6.490 मिलियन डॉलर खर्च किए और 35.000 डॉलर के अपने पूंजी बजट का पूरी तरह से उपयोग किया (पृष्ठ 76 देखें)। भविष्य के लिए, अपनी सेवा योजना के तहत अवधि के दौरान, हमें 2022/23 में $6.809 मिलियन के संचालन बजट की मंजूरी दी गई है, और वित्त तथा राजकीय सेवाओं की चयन स्थायी समिति ने विधानमंडल को सिफारिश की है कि संचालन व्यय के लिए 2023–24 में मानवाधिकार आयुक्त के कार्यालय के लिए $6.826 मिलियन का विनियोग; और 2024–25 में $6.839 मिलियन और प्रति वर्ष $35 हजार का पूंजी बजट होगा।